# बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना

## निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना द्वारा कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 का मुद्रण कराने के लिए निबंधित एवं योग्य मुद्रकों से दिनांक 27.10.2016 को 3.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है।

तकनीकी एवं वित्तीय निविदा का मूल्याकंन निम्नांकित तिथियों को होगा :-

| Sl. No. | Head for Providing Basic Services | IFQ No. | Last Date of submission of completed bids with time | Date of opening of completed bids with time |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना द्वारा कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 का मुद्रण कराने हेतु | BHRC/लेखा-30/2016-17 | 27.10.2016 3.00 बजे अपराह्न | 27.10.2016 4.00 बजे अपराह्न |

कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 का मुद्रण के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस को कार्यावधि में अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त की जा सकती है।

प्रकाश्य कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 की विशिष्टियाँ, निविदा की शर्त्त, उपबंधों सहित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट : www.bhrc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप सचिव,
बिहार मानवाधिकार आयोग,
पटना

# बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना

## निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना द्वारा कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 का मुद्रण कराने के लिए निबंधित एवं योग्य मुद्रकों से दिनांक 27.10.2016 को 3.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिसका आकार एवं शर्तें निम्नवत् है :-

1. **कैलेण्डर - 2017 की विशिष्टियॉं :-**

   कैलेण्डर की 3000 प्रतियॉं जिसका साइज - 18" × 23", 170 जी०एस०एम० आर्ट पेपर पर बहुरंगी छपाई होगा। कैलेण्डर कुल 3 पन्नों (6 पृष्ठों) का होगा, जिसके उपरी भाग में टीन प्लेट माउन्टिंग के साथ टांगने के लिए धागा लगा होगा।

2. **टेबल टॉप कैलेण्डर- 2017 की विशिष्टियॉं :-**

   टेबल टॉप कैलेण्डर- 2017 की 1000 प्रतियॉं, आकार - 6" × 8.5", (Page Size) 8.5" × 18", (Back Stand Size) 220 जी०एस०एम० के आर्ट बोर्ड पर बहुरंगी छपाई के साथ होगा। जिसमें 26 पृष्ठ (13 पन्ने) (Matt finish 130 GSM Art Paper pasted on 32 ounce glased gray hard board (for back stand) with wiro bind on top side) होगा।

**नोट :-**

(i) उपर्युक्त सामग्रियों से संबंधित कोई जानकारी किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में उप सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना से मिलकर जाना जा सकता है।

(ii) प्रकाश्य सामग्रियों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है।

(iii) कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 पर मुद्रित होने वाले चित्र/थीम की गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफी संबंधित चयनित निविदादाता को करनी होगी एवं तत्संबंधी चित्र/थीमों का अनुमोदन विभाग से प्राप्त कर लेना होगा।

**शर्त एवं उपबंध :-**

1. निविदादाता के पास अपना अत्याधुनिक डिजीटल प्रिंटिंग मशीन एवं अत्याधुनिक बाईंडिंग सिस्टम से सुसज्जित प्रेस होना चाहिए।
2. निविदादाता को समान प्रकृति कार्य (similar nature of work) का अनुभव होना चाहिए। तकनीकि निविदा के साथ नमूना एवं कार्यादेश की प्रति संलग्न होना चाहिए।

3. निविदादाता का प्रेस बिहार राज्य के वैट/वाणिज्य-कर/संबंधित विभाग एवं एस०एस०आई० से मुद्रक के रूप में निबंधित होना चाहिए।

4. निविदादाता का वार्षिक टर्न ओवर पिछले तीन वर्षों में कैलेण्डर हेतु 10 लाख रुपये एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर 2017 हेतु कम-से-कम 5 लाख रुपये होना चाहिए। दोनों आईटम हेतु समेकित रूप से निविदादाता का वार्षिक टर्न ओवर पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम 10 लाख रुपये होना चाहिए।

5. तकनीकी निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात जमा करना होगा :-

(क) निविदा के साथ कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 हेतु 15 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट देना होगा। ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से होना चाहिए, जो पटना में भुगतेय हो।

(ख) पिछले तीन वर्षों का सी०ए० सर्टिफाईड अंकेक्षण प्रतिवेदन, संगत वर्ष का आयकर रिटर्न की प्रतिलिपि एवं पैन कार्ड की छायाप्रति।

(ग) राज्य के वैट/वाणिज्य-कर/ संबंधित विभाग एवं एस०एस०आई०, के द्वारा मुद्रक के रूप में निबंधित होने का प्रमाण।

(घ) निविदादाता का पास अपना अत्याधुनिक डिजीटल प्रिंटिंग मशीन एवं अत्याधुनिक बाईंडिंग सिस्टम से सुसज्जित प्रेस होना का प्रमाण।

(ड़) निविदादाताओं को अपने प्रेस की विशिष्टियॉं विभिन्न प्रकार की मशीनों की संख्या तथा उनकी उत्पादन क्षमता का विस्तृत ब्यौरा देना होगा।

(च) निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस़्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो, तद्संबंधित **नोटराईज्ड एफिडेविट** शपथ-पत्र संलग्न करना होगा।

(छ) जमा किये गये सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित एवं पृष्ठ संख्यांकित होने चाहिए।

6. तकनीकी निविदा के साथ जमा किए गए कागजातों-प्रमाणों के भौतिक-स्थल सत्यापन करने के लिए विभाग स्वतंत्र होगा।

7. कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर, 2017 में प्रयुक्त होने वाले 170 जी०एस०एम० C2S आर्ट पेपर एवं 220 जी०एस०एम० C2S आर्ट बोर्ड, ग्रेड-'ए' पेपर मिल का होना चाहिए। पेपर का नमूना तकनीकी निविदा के साथ देना होगा। मुद्रण में उपयोग किये गए कागज के गुणवत्ता की जॉंच केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, पोस्ट बॉक्स नम्बर-174, पेपर मिल रोड, हिम्मतनगर, सहारनपुर-247001 (यू०पी०) इंडिया से करायी

जायेगी। जॉच के पूर्व 70 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा तथा शेष 30 प्रतिशत राशि का भुगतान जॉच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद किया जाएगा।

8. कैलेण्डर, 2017 एवं टेबुल टॉप कैलेण्डर 2017 का पूर्ण रूप से डिजाइनिंग प्रूफ शोधन का अनुमोदन आयोग से कराते हुए दिनांक 30.11.2016 तक छपाई एवं बँधाई पूर्ण करते हुए आयोग को उपलब्ध करा देना होगा।

9. निविदा द्वि-लिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी और वित्तीय निविदा के रूप में अलग-अलग लिफाफे में देने होंगे तथा उसके ऊपर तकनीकी/वित्तीय अंकित कर देना होगा। वित्तीय निविदा में सभी कर एवं खर्च सहित दर प्रति आइटम के लिए प्रति अदद् का मूल्य स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

10. प्रकाश्य सामग्री आयोग से ससमय प्राप्त कर लेनी होगी। शेष सभी सामग्री एवं कार्य की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करनी होगी।

11. उपर्युक्त सभी शर्त्तों एवं उपबन्धों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

12. तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।

13. मुद्रित प्रतियॉ निर्धारित गुणवत्ता की नहीं पाये जाने/मुद्रण में त्रुटि/ अस्पष्टता रहने, मजबूत बाईंडिंग नहीं होने, मुद्रित सामग्री ससमय आपूर्ति नहीं करने/निविदा शर्तों से विचलन आदि की स्थिति में भुगतेय राशि से यथोचित कटौती की जाएगी एवं फर्म के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

14. सभी अथवा किसी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार उप सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को सुरक्षित रहेगा।

15. इस निविदा को विभागीय वेबसाइट www.bhrc.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

उप सचिव,
बिहार मानवाधिकार आयोग,
पटना